सादर प्रकाशनार्थ

प्रेस विज्ञप्ति

आत्म–अनुशासन, संतुलन, तनावमुक्ति व मेडिटेशन से रूकेगी दुर्घटनाएं – रतनलाल डांगी, पुलिस महानिरीक्षक

कानून–कायदों के पालन से ही धरती स्वर्ग बनेगा – भवानीशंकर नाथ, रेलवे पुलिस उपमहानिरीक्षक

सड़क सुरक्षा मोटर बाइक यात्रा का बिलासपुर में शुभारम्भ,

बाइक यात्रा के द्वारा शहर में लोगों की दी सड़क नियम पालन की प्रेरणा

संस्था के द्वारा 100 पुलिसकर्मियों का किया गया सम्मान

बिलासपुर टिकरापाराः– ब्रह्माकुमारीज़ के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा शहर में सड़क–सुरक्षा मोटर बाइक यात्रा का शुभारम्भ रविवार 8 मई की शाम नॉर्थ ईस्ट इन्स्टीट्यूट के ऑडिटोरियम में हुआ। पुलिस महानिरीक्षक भ्राता रतनलाल डांगी जी, रेलवे के पुलिस उप–महानिरीक्षक भ्राता भवानी शंकर नाथ जी, यातायात पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्राता रोहित कुमार बघेल जी एवं टिकरापारा सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी जी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर यमराज का दरबार, सड़क–सुरक्षा पथनाट्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं हवलदार कड़क सिंह के विडियो शो द्वारा सड़क–नियमों को अपनाकर दुर्घटना से बचने की प्रेरणा दी गई।

पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी ने कहा कि जीवन में बैलेन्स न होना, मानसिक भटकाव, तनाव व आत्म–अनुशासन की कमी ही दुर्घनाओं के मुख्य कारण है। मन और बुद्धि ही असली ड्राइवर हैं और यदि हमारी बॉडी के यही ड्राइवर अपसेट हो जाएं तो दुर्घटना तो होनी ही है। लोगों व समाज के सामने हम पुलिस वालों की बड़ी जिम्मेदारी है। अपने जीवन में सड़क नियमों को अपनाकर सभी के सामने हम एग्जाम्पल बनें। आज छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी को तनाव है। इस स्थिति स्वयं को थोड़ा पॉज़ या अल्प विराम दीजिये, थोड़ा समय दीजिये, चुपचाप बैठ जाइये। इससे अपने आप गुस्सा, तनाव, रौब शान्त हो जाएगा। सड़क नियमों को ओकेशन के रूप में न लेकर हम सभी लाइफ का हिस्सा बना लें। सड़क कितना भी अच्छा हो, गाड़ी कितनी भी नई हो लेकिन गति को नियंत्रित रखें। शहर में रोड सेफ्टी इनिशियेटिव के लिए उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ का आभार किया।

रेलवे पुलिस उप–महानिरीक्षक भवानी शंकर नाथ ने कहा कि संस्था द्वारा आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन तो किया जाता रहा है लेकिन शहर के साथ गांव में भी सामाजिक क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए इस तरह की सेवाएं देना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना कोरोना से ज्यादा भयावह हैं। दुर्घटनाओं में मोबाइल का रोल कहीं ज्यादा है। रेल से संबंधित दुर्घटनाओं का कारण लापरवाही है। क्रॉसिंग के समय बिना दाएं–बाएं देखे ही आगे बढ़ जाना भी अपराध के अंतर्गत आता है। गार्डेड लेवल क्रॉसिंग पर भी लोग जल्दबाजी करते हैं। नियमों का पालन करना और करवाना हमारा कर्तव्य है। इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय का कल्चर है दैवीय गुण धारण करने का। जब हम कानून का पालन करेंगे तब ही धरती पर स्वर्ग उतरेगा।

ब्रह्माकुमारीज़ के रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट की को–ऑर्डिनेटर ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, मुम्बई ने विडियो संदेश के माध्यम से कहा हम कैसे गाड़ी चलाते हैं हमारी सड़कें कैसी हैं इससे अंदाजा लग जाता है कि हमारी संस्कृति कैसी है, शहर के लोग कैसे हैं। पहले मैं से पहले आप का ये छोटा सा परिवर्तन जीवन का स्ट्रेस

कितना गुना कम कर देता है। वास्तव में हमारी संस्कृति, 'पहले मैं' की नहीं 'पहले आप' की है। समय पर पहुंचना जितना ज्यादा जरूरी है उससे कहीं ज्यादा जरूरी समय से पहले यात्रा का शुरू होना है। केवल पुलिस को देखकर नियम पालन करना ये धन से प्यार करना है स्वयं की सुरक्षा से प्यार नहीं है। देश की संस्कृति को पुनः वापस लाने के लिए अपने जीवन को आदर्श, सड़को को सुरक्षित और मन को सशक्त बनाना होगा। और मन को सही मार्ग दिखाने के लिए राजयोग मेडिटेशन को जीवन में अपनाइए, प्रयोग कीजिये। यह जीवन जीने की कला है।

यातायात प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका ब्र.कु. दिव्यप्रभा दीदी, इंदौर जोन की क्षेत्रिय समन्वय ब्र.कु. हेमलता दीदी ने भी कार्यक्रम के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सेवाकेन्द्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने बतलाया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर यह आयोजन किया गया। जिसके प्रतीक के रूप में 75 मोटरबाइक की यात्रा निकाली जा रही है। शहर में सड़क सुरक्षा का संदेश देने के बाद यह यात्रा मस्तूरी–बलौदा–नरियरा क्षेत्रों में जायेगी।

100 पुलिसकर्मी भाई–बहनों का हुआ सम्मान

इस अवसर बिलासपुर के 100 पुलिसकर्मी भाई–बहनों का ब्रह्माकुमारी बहनों ने तिलक, पुष्प, अमृत महोत्सव के पट्‌टे, श्री फल व ईश्वरीय सौगात देकर स्वागत व सम्मान किया। इनमें यातायात पुलिस के 20, रेलवे सुरक्षा बल के 50 व नगर पुलिस के 30 पुलिसकर्मी शामिल हुए। इस अवसर पर शहर के अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित हुए। अंत में अतिथियों ने हरी झण्डी देकर बाइक यात्रा को रवाना किया।

सोमवार सुबह इस यात्रा का आरंभ शहर के यातायात पुलिस भ्राता रोहित कुमार बघेल जी की उपस्थिति में राज किशोर नगर स्थित सेवाकेन्द्र शिव–अनुराग भवन से आरंभ होकर तोरवा चौक, जगमल चौक, गुजराती समाज, मन्नू चौक, रविन्द्र नाथ टैगोर चौक, पुराना बस स्टैण्ड, अग्रसेन चौक, राजेन्द्र नगर चौक, नेहरू चौक, देवकीनंदन चौक, गोलबाजार, जूना बिलासपुर, गांधी चौक, बसंत विहार चौक, ऊर्जा पार्क आदि स्थानों पर भारत माता की झांकी और यमराज का संदेश देते हुए वापस सेवाकेन्द्र पहुंची। इस यात्रा में पुलिस प्रशासन विशेष कर यातायात पुलिस का सहयोग प्राप्त हुआ।